04 श्रीराम कथा को लेकर जनप्रतिनिधि प्रशासनिक...



07 समाज की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना...



## खबर संक्षेप

### 1 नवंबर को रामलीला में सामूहिक विवाह होंगे

**विदिशा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सामूहिक विवाह, निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना अंतर्गत 1 नवंबर की दोपहर 12 बजे से विदिशा शहरी क्षेत्र के रामलीला मेला प्रांगण में सामूहिक विवाह और निकाह आयोजित किए गए हैं।

### जनसुनवाई में 154 में से 63 आवेदन निराकृत

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 154 आवेदनों में से 63 का मौके पर निराकरण किया गया। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शेष लंबित आवेदनों पर निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही कर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार शिविर और आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी, अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### गोपाष्टमी पर निकलेगा गो पूजन चल समारोह

**विदिशा।** गोपाल कृष्ण गोशाला विदिशा द्वारा इस वर्ष गोपाष्टमी पर 29 अक्टूबर बुधवार को 32वां वार्षिक गो पूजन चल समारोह भव्य रूप से निकाला जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे गोशाला में पूजन से होगी। इसके बाद शोभायात्रा हीरामन बाबा के चबूतरे, बरईपुरा चौराहा, गल्ला मंडी, खरी फाटक रोड, माधवगंज शिव मंदिर, में रोड सावरकर, तिलक चौक, करपात्री चौक और लोहा बाजार बजरिया से होते हुए पुनः गोशाला पहुंचेगी। मार्ग में स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत और पूजन किया जाएगा।

### अब 5 नवंबर को छोड़ा जाएगा नहरों में पानी

**विदिशा।** जिले में सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़े जाने की किसानों द्वारा की गई मांग के आधार पर 5 नवंबर बुधवार को छोड़ा जाएगा। सम्राट अशोक सागर परियोजना (हलाली) के कार्यपालन यंत्री आरके पंडोले ने बताया कि पूर्व में जल उपभोक्ता समिति की बैठक में सर्वसम्मति से एक नवंबर को नहरों में पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया गया था किन्तु किसानों द्वारा की गई मांग के आधार पर हलाली डेम की नहरों से पानी छोड़े जाने का कार्य अब 5 नवंबर से शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि दो दिन हुई बारिश के कारण भी किसानों को कुछ राहत मिल गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां अधिक बारिश हुई है वहां किसानों को अब पलेवा करने के लिए भी पानी की जरुरत नहीं हैं।

## ठंडी हवाओं से बढ़ी सर्दीः 4 दिन बारिश के आसार, 6 नवंबर के बाद गिरेगा तापमान

### मौसमः नवंबर से जनवरी तक ठंड रहती है, लेकिन इस बार इसका असर फरवरी तक रहने की संभावना है

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में पिछले तीन दिन से हल्की बारिश का दौर जारी है। शनिवार से शुरू हुई बूंदाबांदी के बीच सोमवार रात से ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार सुबह शहर में हल्की धुंध छाई रही और दोपहर 12 बजे तक धूप नहीं निकली।

लोगों ने गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अरब सागर में बना दबाव का सिस्टम और उससे जुड़ी ट्रफ मध्यप्रदेश के बीचोंबीच तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा, दूसरा साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) सिस्टम भी अरब सागर में सक्रिय है, जो एमपी की ओर बढ़ रहा है। इस कारण अगले चार दिनों तक शहर में हल्की बारिश, आंधी और गरज-चमक की संभावना बनी हुई है।

#### पहले हफ्ते से बढ़ेगी ठंड

देश के उत्तरी हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) सक्रिय है। इसके लौटने पर बर्फबारी की संभावना जताई गई है। इसका असर मध्य प्रदेश में 6 नवंबर के बाद दिखाई देगा, जब ठंड और बढ़ेगी। मौसम विभाग का कहना है कि आमतौर पर प्रदेश में नवंबर से जनवरी तक ठंड रहती है, लेकिन इस बार इसका असर फरवरी तक रहने की संभावना है।

वैज्ञानिकों के अनुसार इस बार 2010 के बाद सबसे भीषण ठंड पड़ सकती है। मंगलवार को विदिशा में अधिकतम तापमान 30.5 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री घटकर करीब 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।



**विदिशा।** मंगलवार सुबह से लेकर 10 बजे तक शहर में धुंध छाई रही, वहीं शाम के समय तेज ठंडी हवा भी चली।

#### ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित हुई है धान की फसल

बेमौसम हुई बारिश के कारण ग्यारसपुर क्षेत्र के कुछ गांव में धान की फसल प्रभावित हुई है। किसानों के खेतों में फसल कटी पड़ी थी और अचानक हुई तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया। जिसके कारण धान की फसल डूब गई। किसानों का कहना है कि यह फसल खेतों में ही सड़ जाएगी और उन्हे नुकसान होगा। हालांकि प्रशासन ने अधिकारियों से सर्वे करा लिया है और इन किसानों को शासन की ओर से मुआवजा मिल जाएगा।

### मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने ली जानकारी, पुलिस को दिए निर्देश

## तारण पर हमले का मामला दिल्ली तक पहुंचा, पुलिस को हाथ लगे कई सुराग

**एडवोकेट विमल तारण पर हुए हमले के मामले में मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद विदिशा पुलिस पर दबाव बढ़ गया है। हालांकि पुलिस को कई अहम सुराग भी लगे हैं, लेकिन अभी तक पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के अलावा कोई भी जानकारी सांझा नहीं की है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता विमल प्रकाश तारण के साथ हुई मारपीट का मामला अब दिल्ली तक पहुंच गया है। इस प्रकरण ने न सिर्फ विदिशा और गंजबासोदा, बल्कि राजधानी भोपाल और दिल्ली में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। मंगलवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो स्वयं विदिशा पहुंचे और उन्होंने विमल तारण के घर जाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

इस दौरान एसडीएम क्षितिज शर्मा, सीएसपी अतुल सिंह और सिटी कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज भी मौजूद रहे। आयोग सदस्य ने मौके पर पुलिस अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी और विशेष रूप से साइबर सेल अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराज़गी जताते हुए उन्हें तुरंत सर्किट हाउस में उपस्थित होने के निर्देश दिए। प्रियंक कानूनगो ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन में भी इस्पेशल इंवेस्टिगेसन टीम ने विमलप्रकाश तारण से मुलाकात नहीं की। प्रकरण में पुलिस का रवैया ठीक नहीं है। कुछ लो फॉल्स हैं जिन पर पुलिस ने काम नहीं किया है। इन्ही छोटे छोटे बिंदुओं को आधार बनाकर कोर्ट में बचाव पक्ष के वकील लंबे लंबे सवाल करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में डर का माहौल बनाने के लिए पिटाई का वीडियो बनाया गया। उन्होंने कहा की जांच इस दिशा में होना चाहिए कि समाज में वैमनस्यता फैलाने कि घटना का उद्देश्य था तो समूचित धाराएं लगना चाहिए। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, जबकि इस मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। साइबर सेल की जांच में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिससे जल्द ही हमले की साजिश रचने वालों का पर्दाफाश हो सकता है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पर्दे के पीछे छिपे असली गुनहगारों तक पहुंचने के लिए हरसंभव प्रयास जारी हैं। घटना के बाद से शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग यह जानने को उत्सुक हैं कि वरिष्ठ अधिवक्ता पर हमले की साजिश आखिर किसने रची और इसके पीछे कौन-कौन शामिल हैं। जनता की निगाहें अब पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही पूरे मामले से पर्दा उठेगा।



**विदिशा।** पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मानवाधिकार आयोग के सदस्य।

#### मांगे हैं सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसे मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत संज्ञान में लिया है। आयोग ने एसपी विदिशा को दो सप्ताह के भीतर घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर विवरण और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की फॉरेंसिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।



## कलेक्ट्रेट में जमीन पर बैठकर किसानों ने प्रशासन से मांगा खाद, मिला आश्वासन

### सरकारी दावे फेलः सोसायटियों पर नहीं मिल रहा, निजी दुकानों में भरा स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मंगलवार को जिलेभर के सैकड़ों किसान खाद की कमी को लेकर आक्रोशित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए मांग की कि तुरंत पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने आरोप लगाया कि केंद्रीय कृषि मंत्री के आदेश के बावजूद अब तक ऑफलाइन खाद नहीं दी जा रही है। बोवनी का समय शुरू हो चुका है, लेकिन सोसायटियों में खाद की किल्लत के चलते फसल बोने में देरी हो रही है। वहीं, प्राइवेट दुकानों पर महंगे दामों में खाद खुलेआम बिक रही है।

किसानों ने यह भी सवाल उठाया कि जब प्रशासन पराली जलाने पर एफआईआर और जुर्माना कर रहा है, तो विभाग बिना पराली जलाए बोवनी का तरीका डेमो के माध्यम से बताए। उन्होंने कहा कि बिना खाद और संसाधनों के खेती कैसे होगी। खाद आपूर्ति को लेकर एडीएम अनिल कुमार डामोर ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से बात की जा रही है, जल्द ही किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी। तब तक किसानों से धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।

### विहिप बजरंग दल की नगर कार्यकारिणी गठित

**शमशाबाद।** विहिप बजरंग दल प्रखंड सूर्यनगर की प्रखंड बैठक ग्राम संगुल स्थित राम पहाड़ी मंदिर पर हुई। बैठक के दौरान नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें तनिश जैन नगर मंत्री, शिवम धाकड़ नगर सह मंत्री, शिवराज प्रजापति नगर संयोजक, विकास यादव नगर सह संयोजक, यशपाल राजपूत नगर गोरक्षा प्रमुख, मनीष कुशवाह नगर सह गोरक्षा प्रमुख, मनीष साहू नगर सेवा प्रमुख, आकाश सेन नगर सत्संग प्रमुख तथा राजू सेन नगर प्रसार प्रमुख बनाया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

### आठ लाख की चोरी का खुलासा, आरोपी दबोचा

**विदिशा।** शमशाबाद पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदात का पर्दाफाश किया है। 23 अक्टूबर को फरियादिया बूंदा बाई पति मोती बंजारा, निवासी ग्राम शहपुरा कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात्रि में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और लोहे की पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवर तथा 60 हजार नकदी सहित लगभग 8 लाख का माल चोरी कर लिया था। 27 अक्टूबर को आरोपी इंदरसिंह बंजारा पिता निहाल सिंह बंजारा (उम्र 26 वर्ष) निवासी शहपुरा कॉलोनी को गिरफ्तार किया एवं एक विधि-विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों के पास से चोरी गया समस्त माल सोने-चांदी के जेवर और 60 हजार नकदी बरामद किए गए।

### 21 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को शराब बेचने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के पालन में जिला आबकारी अधिकारी ने जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को सख्त हिदायत दी है कि वे सामान्य लाइसेंस शर्त क्रमांक 14 का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।

जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने बताया कि मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधानों के अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को मदिरा बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित है। विशेष रूप से विद्यालयीन वेशभूषा (स्कूल यूनिफॉर्म) में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मदिरा विक्रय करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक जिले में स्कूल की छात्रा को यूनिफॉर्म में मदिरा बेचे जाने की घटना सामने आने पर संबंधित दुकान पर 2 लाख का जुर्माना लगाया गया था। जिला आबकारी अधिकारी श्री पाठक ने जिले के सभी मदिरा विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि यदि किसी दुकान पर 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को या प्रतिबंधित वर्ग को मदिरा बेचे जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित लाइसेंसी के विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण तक की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### खाई में पलटा ट्रैक्टर, एक किसान की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

मानोरा और पिपरिया के बीच मंगलवार दोपहर 3:30 बजे खाई में ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है।

पीपलखेड़ा खुर्द निवासी हल्के राम कुशवाह (55) पिता बिहारी सिंह कुशवाह अपने ट्रैक्टर से मदनई गांव जा रहे थे। उनके साथ उनका भतीजा मनोज कुशवाह (22) पिता परमानंद कुशवाह भी था। ट्रैक्टर में किसानी से संबंधित सामग्री लदी हुई थी। रास्ते में अचानक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हादसे में मनोज कुशवाह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक हल्के राम कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मानोरा पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को ग्यारसपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग संकरा और खराब स्थिति में होने के कारण हादसे अक्सर होते हैं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।



खेत में खड़ी फसल, मेढ़ पर कब्जा, नहीं पहुंच पा रहे कृषि उपकरण, किसान बोला-

## सात दिन में खेत तक जाने रास्ता नहीं मिला तो परिवार सहित कलेक्ट्रेट में जमा लेंगे डेरा

**छह माह में भी तहसीलदार नहीं हटवा पाए कब्जा, विवाद की स्थिति के डर से पटवारी-आरआई भी नहीं पहुंच रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भौरिया और तराबली गांव के बीच शासकीय मेढ़े पर खुमान किरार, मिस्टर किरार, नारायण सिंह किरार ने कब्जा कर लिया। जिससे किसान भारत सिंह कुशवाह के खेत तक कृषि उपकरण नहीं पहुंच पा रहे। किसान 6 माह से रास्ता मांगता भटक रहा है। किसान ने इसकी शिकायत ग्रामीण तहसीलदार और कलेक्टर से भी की। आरआई पटवारी ने सीमांकन भी कर दिया, लेकिन अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं हटाया। अब किसान भारत सिंह की फसल खेत में खड़ी है। खेत तक कृषि उपकरण ले जाने रास्ता नहीं है। किसान का कहना है कि 7 दिन में यदि उन्हे खेत तक जाने का रास्ता नहीं दिलाया तो वह परिवार के साथ कलेक्ट्रेट में डेरा डाल लेंगे। क्योंकि अब दूसरा कोई रास्ता नहीं बचा।



#### निर्देश दिए हैं

हमें और भी काम होते हैं। अभी सीएम के कार्यक्रम को लेकर व्यस्त हैं। आरआई पटवारी को शांतिपूर्ण ढंग से कब्जा हटाने कहा है। 30 तारीख के बाद देखेंगे।

**- अजय पाठक,** तहसीलदार विदिशा ग्रामीण

### स्प्रिंगफील्ड स्कूल में मप्र बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ

## 700 से अधिक खिलाड़ी मैदान पर भरेंगे रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित चौथी मिनी एवं 59वीं सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ मंगलवार सुबह 9:30 बजे समारोह के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए लगभग 700 से अधिक युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक मुकेश टंडन उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा खेल जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास का निर्माण करता है। उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला वन अधिकारी (आईएफएस) हेमंत यादव ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देती हैं और उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाती हैं। इस आयोजन में विदिशा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु गोयल, संगठन सचिव एवं स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के संचालक योगेंद्र सिंह राणा, डायरेक्टर मीनल राणा एवं करण प्रताप सिंह, विद्यालय प्राचार्य विनय अग्रवाल, तथा समाजसेवी राजकुमार सर्राफ भी उपस्थित रहे। राजकुमार सर्राफ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि समाज के निर्माण की एक सशक्त प्रक्रिया है।

यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के बैडमिंटन परिसर में आयोजित की जाएगी। पूरे सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे और प्रदेश के कोने-कोने से आए प्रतिभागी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। इस आयोजन ने न केवल खेल प्रेमियों को उत्साहित किया है, बल्कि विदिशा शहर को एक बार फिर खेल के मानचित्र पर गौरवान्वित किया है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-5100
सरसों
न्यूनतम भाव-5650
उच्चतम भाव-7300
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव- 5699
मसूर
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6660
उड़द
न्यूनतम भाव-4250
उच्चतम भाव-6050
मक्का
न्यूनतम भाव- 800
उच्चतम भाव- 1873
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-3060
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-2997
तिल्ली
न्यूनतम भाव-8500
उच्चतम भाव-8500
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2325
उच्चतम भाव-3000
जौ
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-1800
धनिया
न्यूनतम भाव- 6000
उच्चतम भाव- 6300
बटरी
न्यूनतम भाव- 2800
उच्चतम भाव- 2800

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 24703 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अन्नकूट भंडारा आज



**गंजबासौदा।** गंज स्थित श्री हनुमान मंदिर महंत महेश्वर दास त्यागी महाराज ने बताया कि बुधवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक श्री गंज हनुमान मन्दिर तिरंगा चौक पर अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होकर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण करने की अपील की गई है।

### दिवाली मिलन समारोह का किया आयोजन

**जीरापुर।** पेंशनर्स संघ स्थानीय शाखा द्वारा पेंशनर्स भवन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद सहित समस्त उपस्थित पेंशनरों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सबके मंगलमय दीर्घायु जीवन की कामना की। जहां पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति एसडीएम आरएन कुशवाह मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्राचार्य बीएम गुप्ता एवं ठाकुर मोहनसिंह जमीदार चुन्नीलाल कुशवाह ने की। इस अवसर पर पेंशनर्स संघ ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चाएं भी की गईं।

## भगवान रामदेव मंदिर परिसर में होगा प्रतिमा स्थापना समारोह

# श्रीराम कथा को लेकर जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को राजेद्र नगर स्थित भगवान श्री रामदेव मंदिर परिसर में 24 नबंवर से 6 दिसंबर तक होने वाले प्रतिमा स्थापना समारोह, यज्ञ और नौ दिवसीय श्री राम कथा की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में मंदिर प्रबंधन समिति के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के प्रमुख पंडित हरिनारायण पाठक ने बताया कार्यक्रम बड़े स्तर पर होने के कारण आयोजन के दौरान मेले जैसा स्वरूप रहेगा। 24 नबंवर को कलश यात्रा स्टेशन नौलखी मंदिर से दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न नगरों कस्बों के साथ दूसरे प्रांत के श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इससे सुरक्षा व्यवस्था उसी के अनुसार कराई जाए। नगर में पहली बार प्रेमभूषण महाराज की कथा का आयोजन हो रहा है। इससे कथा में श्रोताओं की भीड़ रहेगी। ग्रामीण क्षेत्र से भी श्रद्धालु आएंगे। इससे 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के हिसाब से व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। कथा स्थल एवं आसपास पर्याप्त पुलिस बल और होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जाए। भीड नियंत्रण हेतु वैरिकेटिंग लगाई जाए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाएं। कार्यक्रम के दौरान शार्ट सर्किट या अन्य मानवीय भूल से आगजनी जैसी घटनाओं पर काबू पाने फायर ब्रिगेड वाहन और एम्बुलेंस कथा स्थल पर पूरे समय उपलब्ध रहे। असमाजिक तत्वों से निपटने सीसीटीवी कैमरे मुख्य द्वार व प्रमुख मार्गों पर लगाए जाएं। कार्यक्रम के दौरान दिन व रात में बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जाए, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की जाए।

बस, चार पहिया एवं दो पहिया वाहन के लिए अलग-अलग वाहन पार्किंग स्थल तय कर स्थान समतल कराए जाएं। ट्रैफिक पुलिस कर्मी दिनभर मौजूद रहें। बैठक में लोनिवि से मुख्य मार्गों पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाने और नगर पालिका से कथा स्थल व मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था में सहयोग करने को कहा गया। इसके लिए कथा स्थल, मार्ग एवं आस-पास के क्षेत्र में दैनिक सफाई दल लगाया जाए। साथ ही डस्टबिन और कचरा वाहन की व्यवस्था हो। संक्रमण की रोक थाम के लिए कीटनाशक का छिड़काव प्रतिदिन कराया जाए। कार्यक्रम के समापन पर 6 दिसम्बर को भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें लगभग एक लाख लोगों के आने की संभावना है। इससे उस दिन विशेष सफाई दल सक्रिय रखा जाए। जल एवं बिजली व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पीने के पानी के टैंकर नल लगाए जाएं। बैठक में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पंडित केशव शास्त्री, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, एसडीएम संतोष बिटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, जनपद सीईओ तपस्या जैन, नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, बिजली कंपनी के डीई राजू भामौर, लोनिवि के प्रभारी एसडीओ आरके सिंघई, यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी सहित मंदिर समिति के अनेक सदस्य गण मौजूद थे।

## छठ पूजन के दौरान उगते सूर्य को दिया अर्घ्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में छठ पूजा का त्यौहार महिलाओं द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंगलवार को सुबह के समय अनेक महिलाओं ने बेतवा नदी के रिपटा घाट पर पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चन की और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर एवं पूजन कर अपना व्रत पूर्ण किया। यहां उल्लेखनीय है कि छठ पूजन एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है जो देश भर में मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसकी शुरुआत महाभारत काल में हुई थी, जब द्रौपदी ने सूर्य देव की उपासना की थी। यह पर्व धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

### राजीव बने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष



**गंजबासौदा।** सरस्वती शिशु मंदिर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के मध्य भारत प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। जिसके समापन सत्र में गंज बासौदा निवासी राजीव रघुवंशी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रघुवंशी की नियुक्ति पर सभी ने उन्हें बधाई दी है। ग्राहक पंचायत के दो दिवसीय वर्ग में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के 9 जिलों के कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। चार सत्रों में चले इस आयोजन में ग्राहक हित, स्वावलंबन और संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। प्रांत सचिव राजेश दांगी के समक्ष कार्यकर्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मध्य भारत प्रांत संघचालक और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह जरूरी है। राष्ट्रीय प्रचार टीम के सदस्य प्रशांत ग्वालियर ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019, सूचना का अधिकार और भ्रामक विज्ञापनों पर जानकारी दी। प्रांत कार्यालय प्रभारी दीपक बाबू ने कोष प्रबंधन के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। विधि आयाम पर देवेंद्र भार्गव, पर्यावरण पर राजनारायण भारद्वाज, स्वावलंबन पर अर्जुन कुशवाह, महिला आयाम पर वंदना सैनी और प्रचार आयाम पर सुनील धनगर ने जानकारी दी। प्रांत उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने संगठनात्मक ढांचे को समझाया। प्रांत संगठन मंत्री लोकेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 5 से 20 दिसंबर तक पखवाड़ा चलेगा। राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने कहा कि नैतिकता की कमी से लोग खाद्य पदार्थों में मिलावट कर रहे हैं। इससे ग्राहकों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

## सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आज



**गंजबासौदा।** विद्याभारती मध्य भारत प्रान्त के अन्तर्गत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत मातृशक्ति संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. लाल पठार मे आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशि अनिल यादव नगरपालिका अध्यक्ष एवं राष्ट्र सेविका समिति विभाग सह कार्यवाहिका रश्मि ताम्रकार करेंगीं। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समाज की मातृशक्ति को एक मंच पर एकत्र कराते हुए स्व के बोध का जागरण कर आओ सखी संवारें अपना घर विचार को पोषित करना है।

### जनसुनवाई में आए अनेक आवेदन

**गंजबासौदा।** मंगलवार को पटवारी सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 20 आवेदकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने सभी आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण मामले सामने आए। वार्ड क्रमांक 6 के मोनू सिंह ने शिकायत की कि उनके पिता की मृत्यु के बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। ग्राम गमाकर के भारत सिंह ने अपनी पैतृक भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की, जिसे मुक्त कराने की मांग की गई। इसी तरह ग्राम बीलाढाना निवासी भैयालाल साहू ने गांव के मंदिर की शासकीय भूमि पर हुए कब्जे को हटाने का आवेदन दिया। ग्राम गजनई से आई पल्लवी ने अपने आधार कार्ड में जन्मतिथि अपडेट कराने में आ रही परेशानी बताई। जिस पर एसडीएम संतोष बिटौलिया ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को ग्राम पंचायत पचमा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में किया गया। शिविर में संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, निजता का अधिकार, सूचना का अधिकार, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, घरेलू हिंसा में महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, शिक्षा का अधिकार, चिकित्सा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, लोक अदालत, नालसा हेल्प लाइन 15100 के सन्दर्भ में जानकारी दी गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट शेर सिंह यादव, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह सेन, एडवोकेट क्रांति अहिरवार, सरपंच बत्तोबाई पंथी, पंचायत सचिव सपना रघुवंशी, उप सरपंच खिलान सिंह रघुवंशी, पंच लालाराम कुशवाह, हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व सरपंच बहादुर सिंह रघुवंशी, रघुवीर सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार अरोरा ने किया।

## बारिश के बाद बढी सर्दी, दिन भर छाई रही धुंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत चार पांच दिनों तक इलाके भर में बारिश होने के बाद मंगलवार को सुबह से शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे, हांलाकि उनसे बारिश तो नहीं हुई, लेकिन धुंध छाई रही और सूर्य भी नहीं निकला। बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने से तापमान में अचानक गिरावट आ गई है,जिससे लोगों को शीतलहर का एहसास होने लगा है। हांलाकि बारिश का दौर अभी समाप्त नहीं हुआ है और मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी बारिश के संकेत दिए हैं।

ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से इलाके में अच्छी बारिश हो रही थी। गत दिवस पूरे इलाके भर में हुई अच्छी बारिश के कारण गत शाम से ही ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आने लगी थी। जबकि मंगलवार को सुबह से ही आसमान बादलों से पूरी तरह ढंका रहा और धूप निकली ही नहीं। साथ ही धुंध छाई रहने और ठंडी हवाओं से तापमान में और भी गिरावट आ गई। दिन भर तो लोगों को सर्द हवा से ही परेशान होना पडा, लेकिन शाम होते ही शीतलहर की तीव्रता बढ जाने से लोगों को स्वेटर, जैकेट, मफलर आदि पहनने पर मजबूर होना पडा। हांलाकि मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने आगामी कुछ दिनों तक ऐसी सर्दी बनी रहने की संभावना जताई है। जबकि दूसरी ओर मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण एक बार फिर से प्रदेश में तेज बारिश होने की संभावना जताई है। इन वेबसाइटों ने आगामी 30 और 31 अक्टूबर के बाद 4 एवं 5 नवंबर को भी बारिश के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग एवं मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने बारिश का दौर समाप्त होने के बाद आगामी 7 नवंबर से इलाके में सर्दी का जोर एकदम बढने और तापमान में गिरावट के संकेत दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी 6 नवंबर के बाद इलाके का न्यूनतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियश और अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियश तक बना रहेगा।

## बरेठ में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम बरेठ के पंचायत भवन में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान 296 मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में सामान्य ओपीडी सेवाओं के साथ-साथ रक्तचाप (BP), शुगर, हीमोग्लोबिन, बुखार, सर्दी और खांसी की जांच की गई। सेवा सदन आई हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र विशेषज्ञ डॉ. हरिप्रसाद सेन ने मरीजों की आंखों की निशुल्क जांच भी की। जांच के दौरान 15 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिन्हें निशुल्क आंखों के ऑपरेशन के लिए बैरागढ़ भेजने पर चर्चा की गई। एमबीबीएस डॉ. सचिन अग्रवाल ने मरीजों की जांच की और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। उन्होंने बदलते मौसम के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सर्दी-बुखार जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ने की बात कही। डॉ. अग्रवाल ने लोगों को खान-पान सही रखने, बाहर का भोजन या संदिग्ध खाद्य सामग्री से बचने और परिवार को स्वस्थ रखने की सलाह दी। इस मौके पर बरेठ सरपंच, कार्यक्रम समन्वयक बुलबुल मौर्य, संदीप गंदवाने, प्रिया, संजू, सिमरन, सलोनी, राहुल और प्रदुम्न पंथी, सभी आशा कार्यकर्ता और आशा सहायिका उपस्थित रहे। रविंद्र रघुवंशी, कृष्णकांत पाल और सचिन कुर्मी ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## हितकारिणी धर्मशाला में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# अनाज व तिलहन व्यापार संघ का अन्नकूट संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस हितकारिणी धर्मशाला में अनाज एवं तिलहन व्यापार संघ द्वारा अन्नकूट का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के संतों ने विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ अन्नकूट भंडारे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। ज्ञात हो कि 30 वर्षों से अनाज एवं तिलहन व्यापार संघ द्वारा यह प्रथा चलाई जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में नगर और समाज के लोग अन्नकूट में उपस्थित होकर प्रसादी प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम में बारिश होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया। अनाज एवं तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष सतीश जैन कटारे ने सफल कार्यक्रम के उपरांत सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी में इसी प्रकार का प्यार और स्नेह बना रहे। उन्होंने सभी का धन्यवाद किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम में किन्नर गुरु मुन्ना नायक, वरिष्ठ व्यापारी कांति भाई शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राकेश जादौन, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, राजेश तिवारी, कन्हैया लाल खंडेलवाल, घनश्याम दास अग्रवाल, ब्रिज किशोर सुहाने, बालकिशन अरोरा, घनश्याम दास साहू, शिव शरण सिंह रघुवंशी शेबू, सतीश अग्रवाल, संजीव जैन, शरद साहू, कीर्ति शाह, तरवर सिंह रघुवंशी, देवेंद्र वर्मा, भानु शर्मा, अमित अग्रवाल, राकेश साहू, सुखजीत सिंह काके, जगदीश अग्रवाल, दीपक जैन, अभिषेक जैन बंटी, राजीव जैन लल्ला, सावन अग्रवाल, स्वप्निल जैन, सुमित अग्रवाल, जयेश शाह, मोहन रघुवंशी, रोहित अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, शैलेश जैन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## चातुर्मास के उपरांत मुनि संघ का विदिशा की ओर हुआ विहार, श्रद्धालुओं के आंखों से झलके आंसू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय महावीर विहार में विराजमान अनियत बिहारी दिगंबर मुनि संघ का चातुर्मास के उपरांत गत दिवस मंगल विहार विदिशा की ओर हो गया। विहार की सूचना मिलते ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में महावीर विहार एकत्रित हो गए। दोपहर को भारी बारिश के बीच निर्यापक मुनि श्री संभव सागर जी , मुनि श्री निस्सीम सागर जी , मुनि श्री संस्कार सागर जी महाराज एवं ऐलक गौरव सागर जी महाराज पद विहार करते हुए जैसे ही महावीर विहार से बाहर निकले वैसे ही उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखे नम हो गईं और पीछे पीछे मुनि विहार में शामिल हो गए। मुनि संघ लगातार हो रही बारिश के बीच पचमा रोड से पद विहार करते हुए बड़ागांव पहुंचे और रात्रि विश्राम किया। वहीं आज मुनि संघ की आहारचर्या गुलाब गंज में संपन्न हुई। गंज बासौदा से सैकड़ों श्रद्धालु मुनि संघ के साथ लगातार पद विहार करा कर पुण्यार्जन कर रहे हैं। वहीं अस्वस्थता के चलते मुनि श्री श्रमण सागर महाराज एवं मुनि श्री ओंकार सागर जी महाराज महावीर विहार में विराजमान हैं। जहां मुनि श्री के मंगल प्रवचन सुनने का सौभाग्य धर्म प्रेमी बंधुओं को प्राप्त हो रहा है।

उधर मुनि संघ के चातुर्मास के दौरान उनके सानिध्य में नगर में अनेक धार्मिक कार्य संपन्न कराए गए। जैसे पिच्छिका परिवर्तन समारोह, जीव दया पदयात्रा, साथ ही महावीर विहार में बनने जा रहे पाषाण जिनालय का शिलान्यास, आयुर्वेद परामर्श एवं निदान शिविर, भव्य रथयात्रा एवं विमान जी चल समारोह, पर्युषण पर्व, श्रावण संस्कार शिविर, स्वर्ण प्राशन आयुर्वेदिक औषधि पिलाने जैसे कार्यक्रम संपन्न कराए गए। जिनमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

### कार्यमुक्ति को लेकर दिया आवेदन



**गंज बासौदा।** शिक्षक शिवनारायण सक्सेना ने एसडीएम संतोष बिटोलिया को एक आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि उन्हें बी.एल.ओ. कार्य से मुक्त किया जाए। आवेदन में बताया कि पूर्व में एक्सीडेन्ट होने से दांए पैर में राड डली होने के कारण वे चलने फिरने में असमर्थ हैं। वर्तमान में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है, मेरे द्वारा टेबल वर्क का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब मुझे सर्वाइकल एंव पैरालाईस की समस्या के कारण गहन पुनरीक्षण कार्य करने में स्वास्थ के कारण समस्या हो रही है। अतः मानवीय आधार पर बीएलओ कार्य से मुक्त किया जाए।

## खबर संक्षेप

### रहली में सिद्ध चक्र महामंडल विधान आज से

**रहली।** आचार्य श्री समय सागर जी के आशीर्वाद एवं अतिशय क्षेत्र पटनागंज रहली में चातुर्मास कर रहे श्रेष्ठ निर्यापक मुनि अभय सागर जी महाराज के सासंघ सानिध्य में अष्ठानिका महापर्व पर सिद्ध भगवंतों की आराधना करने के लिए 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान 29 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अतिशय क्षेत्र पटनागंज में बड़े बाबा प्रांगण से प्रारंभ हो रहा है। विधान प्रातः काल बेला में किया जाएगा विधान में निर्देशन डॉ. विमल जैन दिल्ली, ब्रह्ममचारी रजनीश भैया एवं संगीतकार अनिकेत जैन मुंगावली होंगे।

### छात्र परिषद के गठन हेतु प्रतिनिधियों का निर्वाचन 11 और 13 नवंबर को

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों द्वारा सत्र 2025-26 के लिये पिछली परीक्षा के अंकों की प्रवीणता के आधार पर कक्षा प्रतिनिधि एवं अध्ययनशाला प्रतिनिधियों का निर्वाचन, छात्र परिषद के गठन हेतु छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा अधिसूचना जारी की गई है । सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कक्षाओं के कक्षा प्रतिनिधियों का निर्वाचन मंगलवार 11 नवम्बर को सम्पन्न होगा । समस्त अध्ययन शाला प्रतिनिधियों का निर्वाचन गुरुवार 13 नवम्बर को सम्पन्न होगा । छात्र परिषद के गठन हेतु नामांकन पत्र भरने का समय 10:30 से 12:30 बजे तक, नामांकन पत्र वापिसी का समय 12:30 से 1:00 बजे तक एवं निर्वाचित प्रतिनिधियो की सूची का प्रकाशन दोपहर 2:00 बजे किया जाएगा ।

### जनसुनवाई में हुई 178 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 178 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, एसडीएम अमन मिश्रा आदि रहे मौजूद।

### दिव्य देशना महिला परिषद द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

# समाज की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना ही हमारा लक्ष्य है: जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अखिल भारतीय दिव्य देशना महिला परिषद द्वारा दिगम्बर जैन बडें मंदिर में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं व युवतियों ने प्रतियोगिताओं में बढ-चढकर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार की सुंदर सुंदर रंगोली बनाई। वही प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु मिंकल जैन,द्वितीय स्थान प्रप्ति भूपत,तृतीय स्थान नमिता जैन व आयुषी जैन बगरौदा एंव कशिका जैन ने प्राप्त किया। साथ ही बालिकाओं में रीत जैन बगरौदा ने प्रथम व गौतम घेतल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस के साथ निर्णय सागर पाठशाला द्वारा निबंध लेखन,सुंदर लेखन व दीप सजायो प्रतियोगिता का आयोजन किया। रंगोली सजायो प्रतियोगिता के पुरूस्कार वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमति नम्रता जैन सैनानी द्वारा दीपावली के अवसर पर प्रातः मंदिर जी में वितरित किए गए।



### समाज की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना हमारा लक्ष्य

वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एंव आईजा महिला विंग की प्रदेश महामंत्री श्रीमति नम्रता जैन सैनानी ने विजेता बच्चों व महिलाओं का बधाई देते हुए कहा कि जैन समाज में समय समय पर दिव्य देशना महिला परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जिससे धर्म की प्रभावना बढती है। साथ ही धार्मिक कार्यक्रमो में आगे बढने की प्रतिस्पर्धा पैदा होती है। जिससे अच्छी प्रतिभाएं निखरकर बाहर आती है। ऐसी प्रतिभाए जो कि मंच न मिलने के अभाव में वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नही कर पाती है। दिव्य देशना महिला परिषद एक ऐसा माध्यम है इसके माध्यम से समाज की अनेको प्रतिभाएं निखरकर बाहर आती है। वह दिन भी दूर नही है जब यह प्रतिभाए एक न एक दिन अपने नाम के साथ देश व सिरोंज का नाम पूरी दुनिया में रौशन करेगी। दिव्य देशना महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमति रानी जैन बगरौदा ने हमेशा जैन धर्म की प्रभावना के लिए अनेको मंच के माध्यम से समाज का गौरव बढाया है। साथ ही जैन समाज की महिला को एकता के एक ऐसे धागें में बांधा रखा है जो कि समाज के लिए एक मिशाल पेश करता है। श्रीमति रानी जैन द्वारा जैन मंदिर में महिलाओं व बच्चों की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर सभी को धर्म की प्रभावना से जोडा जाता है।

### समय-समय पर किए जाते हैं कार्यक्रम आयोजित

महिला परिषद की अध्यक्ष रानी जैन बगरौदा ने कहा कि यदि समाज के बच्चियो में देखा जाए तो अनेको ऐसी बच्चिया है जिनके अंदर कुछ करने का जस्बा तो है लेकिन उन्हें मंच न मिलने के कारण वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नही कर पाती और मन ही मन हार मानकर बैठ जाती है। हमारी महिला परिषद की महिलाओं द्वारा निरंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर ऐसी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया जाता है और हमारा एक ही लक्ष्य है कि हम बच्चियो व महिला को अपना प्रदर्शन करने का मौका मिलें और वह भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर समाज व शहर का नाम रौशन करें।

# पंचमी महोत्सव के उपलक्ष में निकाला भव्य चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पंचमी महोत्सव के उपलक्ष में श्रीमाली समाज तरुण मंडल व माली समाज के अध्यक्ष के.के माली के नेतृत्व में विशाल और भव्य चल समारोह आयोजन किया गया।

नगर के कस्टम पथ से प्रांरभ हुआ भव्य चल समारोह नगर के मुख्य मार्ग कठाली बाजार, सराफा बाजार, कपडा बाजार, चांदनी चौक, राज बाजार, कोट गेट, नगर पालिका होते हुए सुभाष नगर हाजीपुर, बासौदा नाका पहुचकर समापन हुआ। वही नगर के मुख्य चौराहो पर विभिन्न सामाजिक संगठनो ने माली समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह का फूलो की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। साथ ही कस्टम पथ पर वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन शर्मा द्वारा अपने पिता श्री की स्मृति में श्रीमाली समाज के चल समारोह में एक शील्ड पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। समाज अध्यक्ष के के माली ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसी सहयोग की आकांक्षा जाहिर की। ज्ञात हो कि के के माली के नेतृत्व में समाज में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम होते आए हैं। वह श्रीमाली समाज के लिए सदैव तन मन धन से सहयोग करते हैं इसकी कई जगह पर चर्चाएं सुनने में आती है। वही चल समारोह उपरांत श्रीमाली समाज मंदिर मालीपुरा में महाआरती व छप्पन भोग का आयोजन किया गया।

### भावांतर योजना के तहत...

# सोयाबीन बेचने में किसानों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना



**सिरोंज।** भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेचने आए हुए किसानो को कृषि उपज मंडी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही अनेको किसानो ने किसान नेता सुरेन्द्र रघुवंशी को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि कृषि उपज मंडी में तीन जगह पर उनसे आधार कार्ड भावांतर पंजीयन की फोटो कॉपी जमीन के कागज ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन लिया जा रहा है। जिसको लेकर किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने इस संबंध में कृषि उपज मंडी के सचिव से किसानों के साथ पहुचकर चर्चा की और उनसे कागजी कार्यवाही का काम करने का निवेदन किया। वही उन्होने कहा कि किसान इस वर्ष कम उपज होने के कारण पहले से ही आर्थिक संकट में है ऊपर से फोटो कॉपी का भार भी किसान पर ही पड़ रहा है। वही मंडी सचिव तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग की गई।

# अंगीकार अभियान अंतर्गत नपा द्वारा नवीन बस स्टैंड पर कार्यक्रम आयोजित



**सिरोंज।** शासन के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 4 सितम्वर से 31 अक्टूवर 2025 तक संचालित अंगीकार 2025 अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिपालन में नगर पालिका परिषद द्वारा अंगीकार अभियान अंतर्गत नवीन बस स्टेण्ड पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार हेतु स्थानीय बैंकों के बैंकर्स, बिजली विभाग की योजनाऐं, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य विभाग की योजनाऐं आदि सभी विभागों की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लोन एवं सब्सीडी के सम्बंध में बैंक द्वारा हितग्राहियों को योजना के बताया गया। इसके अतिरिक्त कोरोना काल में प्रधानमंत्री द्वारा चलाई पी.एम. स्वनिधि जो संकट के समय में गरीबों के लिए सहारा थी। जिसमें प्रथम लोन 1000 से 1700 हितग्राही लाभान्वित हुए। वही 470 हितग्राहियों द्वारा समय पर ऋण राशि जमा कर 20000 का ऋण प्राप्त किया एवं 283 हितग्राहियों ने 20000 की किस्त समय पर भुगतान कर 50000 का लोन प्राप्त किया। पी.एम. स्वनिधि में पंजीकृत समस्त हितग्राहियों के परिवार को शासन की 08 योजनाओं में भी जोडा गया। प्रधानमंत्री की पी.एम. स्वनिधि योजना महत्वपूर्ण योजना है। इसका विस्तार आगामी 5 वर्षो के लिए बढाया गया है। जिसमें प्रथम लोन 15000,द्वितीय लोन 25000 एवं तृतीय लोन 50000 का कर दिया गया है। जो हितग्राही पूर्व में लाभ लेने से बंचित हो गये है। वह अब उक्त योजनांतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते है। आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान: 2500 से अधिक विद्यार्थियों को सिखाए डिजिटल सुरक्षा के मंत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विदिशा पुलिस द्वारा पूरे जिले में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं समस्त एसडीओपी के मार्गदर्शन में यह अभियान विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में निरंतर जारी है।

अभियान के तहत अब तक जिलेभर में 2500 से अधिक छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जा चुकी हैं। पुलिस टीमों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, फेक लिंक, सोशल मीडिया अपराध और डिजिटल गोपनीयता की सुरक्षा के उपाय सिखाए। थाना सिरोंज में सीएम राइज स्कूल के छात्रों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। थाना मुगलसराय में उत्कृष्ट विद्यालय में छात्रों को फेक लिंक और फर्जी ईमेल से बचने के सुझाव दिए गए। थाना ग्यारसपुर में तीन विद्यालयों में साइबर फ्रॉड, चाइल्ड क्राइम और सोशल मीडिया सुरक्षा पर चर्चा हुई। थाना हैदरगढ़ में रायल कॉन्वेंट हाई स्कूल के विद्यार्थियों को बैंक कॉल और यूपीआई ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। थाना मुरवास और थाना शमशाबाद में भी विद्यार्थियों को सार्वजनिक वाई-फाई, पासवर्ड सुरक्षा और ओटीपी फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पुलिस अधिकारियों से अपने प्रश्न पूछे और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। विदिशा पुलिस की यह संवेदनशील पहल न केवल छात्रों बल्कि समाज को भी साइबर अपराधों से बचाने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो रही है।

### किसानों ने 83 हजार 528 क्विंटल उपज बेची

**विदिशा।** शासन के निर्देशानुसार भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत जिले की सात मंडियों व दो उप मंडियों में एक साथ सोयाबीन की खरीदी का कार्य जारी है। नोडल अधिकारी व कृषि उपज मंडी विदिशा की सचिव नीलकमल वैद्य ने बताया कि 24 अक्टूबर से मंडियों में सोयाबीन खरीदी का कार्य भावांतर योजना के तहत शुरू हुआ है। अब तक जिले के 5745 किसानों के द्वारा 83528 क्विंटल सोयाबीन फसल की बिक्री भावांतर योजना के तहत की गई है। जिसमें पंजीकृत किसानों की संख्या 2065 के द्वारा 36327 क्विंटल और अपंजीकृत 3680 किसानों के द्वारा 47201 क्विंटल सोयाबीन विक्रय किया गया है। शुक्रवार 24 अक्टूबर को पंजीकृत 376 किसानों के द्वारा 6877 क्विंटल, अपंजीकृत 910 किसानों ने 11434 क्विंटल का विक्रय किया है। सोमवार 27 अक्टूबर को 729 पंजीकृत किसानों ने 12930 क्विंटल व 1298 अपंजीकृत किसानों के द्वारा 16342 क्विंटल सोयाबीन फसल का विक्रय किया गया है।

### कुरवाई में अल्पविराम परिचय कार्यशाला हुई

# सकारात्मक सोच के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- जीवन में रिश्तों, पारिवारिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया।

जन अभियान परिषद एवं आनंद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कुरवाई जनपद पंचायत के आजीविका भवन सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों में आनंद विभाग से जिला समन्वयक संजय श्रीवास्त, मास्टर ट्रेनर राजेश पटेल, जन अभियान परिषद जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव तथा विकासखंड समन्वयक आशीष जैन मौजूद रहे।

कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास, पंचायत, राजस्व, सामाजिक न्याय, आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने बताया कि शासकीय सेवकों को अपने कार्यस्थल पर आनंद एवं सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना चाहिए। अल्पविराम पहल का उद्देश्य कर्मचारियों में आत्मसंतोष, टीम भावना और सकारात्मक जीवन शैली विकसित करना है, जिससे वे अपने कार्य को आनंदपूर्वक कर सकें और लोक सेवाओं की गुणवत्ता बढ़े। मास्टर ट्रेनर राजेश पटेल ने जीवन में रिश्तों और पारिवारिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया, वहीं पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि व्यक्ति को परिवार और समाज के साथ-साथ स्वयं की खुशियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

आशीष जैन ने प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर प्रसन्नचित रहकर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की प्रेरणा दी। कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों में सकारात्मक दृष्टिकोण व आनंदमय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा, ताकि वे कार्य के साथ-साथ आत्मिक संतोष और मानसिक संतुलन प्राप्त कर सकें।

# विधायक ने की जनसुनवाई 32 शिकायतों का निराकरण

**विदिशा।** नगरपालिका परिसर में मंगलवार को विधायक मुकेश टंडन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। विधायक श्री टंडन ने घोषणा की कि अब प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक नगर पालिका में नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें आमजन अपनी समस्याएं सीधे रख सकेंगे। आयोजित जनसुनवाई में 32 लिखित आवेदन प्राप्त हुए तथा अनेक नागरिकों ने मौखिक रूप से भी अपनी समस्याएं बताईं। कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया। हाथ ठेला संचालक सचिन शर्मा के पथ विक्रेता कार्ड न बनने की समस्या पर विधायक ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए और उसी समय उनके हाथों से कार्ड सौंपा गया। इसी प्रकार छोटी बाई और छोटे लाल को विधायक टंडन द्वारा राशन पर्ची प्रदान की गई। कार्यक्रम में एसडीएम क्षितिज शर्मा, नपा सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, नायब तहसीलदार निधि पटेल सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में 7.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मंगलवार की सुबह 8 बजे 7.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रों पर बासौदा में 12.6 मिमी, कुरवाई में 17 मिमी, सिरोंज में तीन मिमी, लटेरी में एक मिमी, नटेरन में चार मिमी, शमशाबाद में दो मिमी तथा पठारी तहसील में 34 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

**जाहिर सूचना**

खसरा क्रमांक 379/1/1 रकबा 2.090 हैक्टेयर स्थित ग्राम जैतपुरा, पटवारी हल्का नं. 83, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. एवं खसरा क्रमांक 3/1/1 रकबा 0.052 हैक्टेयर स्थित ग्राम गोवर हेला पटवारी हल्का नं. 89, तहसील व जिला विदिशा म. प्र. के संबंध में

मैं, अपनी पक्षकारा श्रीमती सुनैना वर्मा पत्नि श्री दिनेश वर्मा निवासी 324 अशोक विहार आनंद नगर पिपलानी भोपाल म.प्र. के निदेर्शानुसार सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकारा द्वारा श्री प्रताप सिंह चौहान आ. श्री सुरेन्द्रपाल सिंह निवासी बी 1001, सेरेनिटी स्काई, नियर कविशा पनोरमा, कविशा पनोरमा के सामने, साउथ भोपल, पोस्ट-भोपल, जिला-अहमदाबाद, गुजरात, श्री रविन्द्र सिंह चौहान आ. श्री सुरेन्द्रपाल सिंह एवं श्री विवेक सिंह चौहान आ. श्री सुरेन्द्रपाल सिंह तीनों स्थाई निवासी मकान नं 28 दुर्गा नगर विदिशा म.प्र. के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की दो किता कृषि भूमि खसरा क्रमांक 379/1/1 रकबा 2.090 हैक्टेयर स्थित ग्राम जैतपुरा, पटवारी हल्का नं. 83, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. एवं खसरा क्रमांक 3/1/1 रकबा 0.052 हैक्टेयर स्थित ग्राम गोवर हेला पटवारी हल्का नं. 89, तहसील व जिला विदिशा म. प्र. कुल रकबा 2.142 हैक्टेयर को क्रय करने हेतु उपरोक्त व्यक्तियों एवं मेरी पक्षकारा के बीच दिनांक 15/05/2025 को विक्रय अनुबन्ध पत्र निष्पादित किया जाकर अनुबंध के पालन में मेरी पक्षकारा द्वारा विक्रय के प्रतिफल के पेटे विक्रय राशि में से लगभग एक तिहाई राशि उपरोक्त व्यक्तियों को नगद एवं नेट बैकिंग के माध्यम से अदा की जा चुकी है परन्तु उपरोक्त भूमि स्वामियों से श्री विवेक सिंह चौहान विदेश में होने के कारण तथा भारत न आने के कारण उपरोक्त भूमि का पंजीयन नियत दिनांक को मेरे पक्षकारा के पक्ष में नहीं हो सकता था। ऐसा ज्ञात हुआ है कि उक्त तीनों भूमि स्वामी एवं उनके ऐजेन्ट वर्तमान परिस्थितियों एवं भूमि की बड़ी हुई दरों के चलते उक्त विक्रय अनुबंध पत्र के अस्तित्व में रहते हुए उपरोक्त भूमि अनयंत्र विक्रय हेतु प्रयासरत है जिसका की उन्हें कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति /संस्था/फर्म/कम्पनी मेरी पक्षकारा से अनुबन्धित उपरोक्त वर्णित सम्पूर्ण भूमियों अथवा उसके अंश भाग के सम्बन्ध में किसी प्रकार को कोई लेन-देन, क्रय-विक्रय, संव्यवहार उपरोक्त व्यक्तियो से न करें। इसके पश्चात् भी कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह मेरे पक्षकारा पर बंधनकारी नहीं होगा तथा जिसके परिणाम की समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी ।

भवदीय संतोष कैथल अधिवक्ता
कार्या:-20/बी सेक्टर इन्द्रपुरी रायसेन रोड भोपाल म.प्र.
मो.नं- 9826449735

# वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुलाबगंज में मुनि श्री का आगमन, दया और अहिंसा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज



गंजबासोदा से विदिशा जाते समय मंगलवार को पदयात्रा के दौरान चार मुनि महाराज का आगमन गुलाबगंज स्थित वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ।

मुनिश्री ने यहां कुछ समय के लिए विश्राम किया। इस अवसर पर गुलाबगंज बस्ती के जैन समाज के लोगों ने मुनिश्री की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन और समस्त स्टाफ ने भी विनम्रता पूर्वक आशीर्वाद ग्रहण किया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुनिश्री का यह ठहराव गुलाबगंज के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा लेकर आया। इस दौरान मुनिश्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जहां दया तहां धर्म है। उन्होंने कहा कि दया एक मानवीय गुण है जो व्यक्ति को प्रेम, विनम्रता और सहानुभूति सिखाता है। जब हम दूसरों के प्रति दयालु होते हैं तो हमें आत्मिक शांति प्राप्त होती है। धर्म केवल अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि सत्य, नैतिकता और करुणा का पालन ही सच्चा धर्म है। मुनिश्री ने आगे कहा कि संसार में हर जीव एक-दूसरे पर उपकार करता है। माता-पिता बच्चों पर उपकार करते हैं, तो बच्चे भी उन्हें माता-पिता बनाकर उपकार करते हैं। जैसे एक बीज पेड़ बनकर फल, लकड़ी और ऑक्सीजन देता है, वैसे ही हर जीव परस्पर सहयोग से जीवन को सुंदर बनाता है। उन्होंने सभी से अहिंसा के मार्ग पर चलने और उसका व्यापक प्रचार करने का आग्रह किया। मुनिश्री के प्रेरक विचार सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। दोपहर आहार क्रिया के उपरांत मुनि श्री महाराज विदिशा की ओर प्रस्थान कर गए।

# अब तक जिले के 42 हजार किसान उठा चुके उर्वरक, ई-टोकन प्रणाली से बढ़ी पारदर्शिता

**टोकन प्रणाली से वितरण अधिक पारदर्शी और नियंत्रित हुआ है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में ई-टोकन आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था से अब तक 42 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हो चुके हैं। किसानों द्वारा 13837 मीट्रिक टन उर्वरक ई-टोकन प्रणाली से उठाया गया है, वहीं तकनीकी समस्या वाले किसानों को 4555 मीट्रिक टन उर्वरक ऑफलाइन वितरित किया गया है। इस प्रकार कुल 18392 मीट्रिक टन उर्वरक 1 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक किसानों को उपलब्ध कराया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 17 हजार मीट्रिक टन उर्वरक ही वितरण हुआ था।

कृषि उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि नई ई-टोकन प्रणाली से वितरण अधिक पारदर्शी और नियंत्रित हुआ है। औसतन प्रतिदिन 1550 किसान टोकन बुक कर उर्वरक प्राप्त कर रहे हैं। यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिले में 1 अक्टूबर से प्रारंभ की गई है, जिसके तहत किसान मोबाइल या कॉमन सर्विस सेंटर से आधार आधारित पंजीयन कर टोकन प्राप्त करते हैं और निर्धारित मात्रा में उर्वरक खरीदते हैं।

वर्तमान में जिले में 11511 मी.टन यूरिय, 2090 मी.टन डीएपी, 4332 मी.टन कॉम्प्लेक्स और 2318 मी.टन सुपर फास्फेट का भंडारण है। आगामी एक-दो दिनों में सौराई और बासौदा रेक प्वाइंट्स पर इफको, एचयूआरएल, कोरोमंडल, एनएफएल और आईपीएल कंपनियों की रेक आने वाली हैं, जिनसे लगभग 3800 मी.टन डीएपी, 725 मी.टन यूरिया और 730 मी.टन ट्रिपल सुपर फास्फेट जिले को प्राप्त होगा। इससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध रहेगा।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ़्तार यात्री बस खड़े ट्रक से टकराई

**रायसेन।** भोपाल से सिलवानी की तरफ जा रही तेज रफ़्तार यात्री बस मंगलवार की शाम ग्राम कुसियारी के पास माना ढाबे के समीप खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में करीब 12 यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचाम और सभी घायलों को जिला अस्पताल रायसेन भेजा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार घायलों का इलाज जारी है, जबकि कुछ यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बस तेज रफ़्तार में चल रही थी, जिसके चलते हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बस और ट्रक दोनों के चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### जनसुनवाईः कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए।

## स्मार्ट मीटर के संबंध में कलेक्ट्रेट में हुई कार्यशाला, रायसेन शहर में 12700 मीटर लगाने का लक्ष्य

# स्मार्ट मीटर का भारी विरोध... फिर भी बिजली कंपनी जिले में 78 हजार 854 मीटर लगाने की तैयारी में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी की जा रही है। इसी को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया। कार्यशाला में बिजली वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने पर विरोध देखा गया। वर्कशॉप में जागरूक उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर योजनाओं पर सवाल भी उठाए।

बिजली कंपनी के रायसेन वृत्त के महाप्रबंधक अंकुर सेठ ने स्मार्ट मीटरों से होने वाले फायदे के साथ ही उपभोक्ता हित की योजनाएं जैसे 5 रुपए में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप तथा बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और बचाव के लिए जन जागरूकता के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला में भोपाल से निदेशक पीडीटीसी अनिल कुमार खत्री, रायसेन वृत के महाप्रबंधक अंकुर सेठ, महाप्रबंधक स्मार्ट मीटर सेल सीके पवार, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी, रायसेन सिटी जेई प्रांजल शर्मा एवं विदिशा वृत्त के महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

महाप्रबंधक अंकुर सेठ ने बताया कि बिजली कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने पर कई तरह की छूट दी जा रही है।अगर उपभोक्ता समय पर बिजली बिल का भुगतान करते हैं तो उन्हें डेढ़ प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलती है। ऑनलाइन जमा करने पर एक प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलती है। सुविधा एप के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को 2.5 प्रतिशत तक छूट मिलती है।




### समस्या चेक करने लगाया जाएगा साथ में एक और मीटर

स्मार्ट मीटर सेल के महाप्रबंधक सीके पंवार ने कहा कि जिले में 78 हजार 854 घरेलू उपभोक्ताओं के घर-घर स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य मार्च 2028 तक पूरा कर लिया जाएगा। स्मार्ट मीटर योजना में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली में छूट रहेगी। यदि स्मार्ट मीटर में कोई गड़बड़ी होगी तो इसके साथ में एक चेक मीटर लगाया जाएगा। रायसेन शहर में 12 हजार 700 भोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है, फिलहाल 3 हजार 485 स्मार्ट मीटर लगा चुके हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए आगे बताया कि उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर वरदान साबित होगा। दिन के टैरिफ में 20 फीसदी छूट रहेगी सितंबर महीने में 3 लाख 50 हजार 536 उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में 2 करोड़ 74 लाख रुपए की रियायत दी गई है।

### स्मार्ट मीटर में 2000 से अधिक बैलेंस पर मिलेगा ब्याज

विद्युत उपभोक्ता अब बिजली विभाग से कमाई भी कर सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर में एडवांस पैसा रखने पर बिजली कंपनी अब ब्याज भी देगी। बिजली उपभोक्ताओं को यह ब्याज बैंक के बचत खाते की तरह उनके प्रीपेड खाते में उपलब्ध राशि के अनुसार मिलेगा। अधिकारियों के मुताबिक बचत खाते के अनुसार ब्याज लेने के लिए 20 किलोवाट से कम लोड वाले उपभोक्ताओं को प्रीपेड बिजली मीटर में कम से कम 2000 रुपए का बैलेंस रखना होगा। अधिकतम राशि की कोई सीमा नहीं है। बिजली उपभोक्ता जितनी चाहें उतनी एडवांस राशि रख सकते हैं। यदि उपभोक्ता लगातार 3 महीने तक न्यूनतम 2000 रुपए की एडवांस राशि अपने स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रखते हैं तो उन्हें आरबीआई द्वारा बचत खाते पर निर्धारित ब्याज के रूप में राशि दी जाएगी। कोई उपभोक्ता एडवांस राशि 3 माह से अधिक समय तक रखता है तो उसे 0.25 प्रतिशत अधिक ब्याज दिया जाएगा। 6 महीने से 9 महीने तक एडवांस पैसा रखने पर उपभोक्ताओं को 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज मिलेगा।

### पड़ोसी जिलों से उठी उपभोक्ताओं की विरोध की आवाज

स्मार्ट मीटर की रीडिंग को लेकर प्रदेश भर के जिलों में हंगामा मचा हुआ है। पड़ोसी जिले विदिशा में स्मार्ट मीटरों का बिजली कंपनी के अधिकारियों को भारी विरोध झेलना पड़ रहा है। कमोवेश यही हाल अब रायसेन में शुरू होने वाला है।

### इंटरनेट सप्लाई कैसे होगी...

स्मार्ट मीटर में डेटा कम्युनिकेशन होगा। मोबाइल पर हर 15 मिनट में बिजली कंजप्शन अपडेट देगा। इसके लिए इसे इंटरनेट से जोड़ा जा रहा है। मीटर में 2 तरीकों पर काम हो रहा है। पहला रेडियो फ्रीक्वेंसी।जिसकी एक फिक्स रेंज रहेगी। यह वॉकी-टॉकी की तरह काम करेगा। जिसमें एक सिम कार्ड के जरिए 250 मीटर कनेक्ट किए जा सकेंगे। दूसरा जीपीआरएस सिस्टम। ये वैसा ही है जैसा मोबाइल फोन में काम करता है। इसके लिए हर मीटर में सिम कार्ड लगाया जाएगा।

## जिले में स्मार्ट मीटर के खेल की खुल रही पोल, भार से अधिक रीडिंग दे रहे मीटर

जिले में जहां बिजली उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। उन उपभोक्ताओं द्वारा पहले की तुलना में 2 से 3 गुना बिलों की अभी से शिकायतें सामने आने लगी हैं। गैरतगंज के उपभोक्ता नितेश जैन, करमोदी के राजा पटेल स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की जांच में एक उपभोक्ता का मीटर 377 यूनिट ज्यादा पाया गया। स्मार्ट मीटरों की तेज रीडिंग और गलत भार दर्ज होने की शिकायतें पहले भी आ रही थीं, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। अब विभाग कार्रवाई कर रहा है पर आशंका है कि कई और उपभोक्ता भी इस समस्या से परेशान हैं।

बिजली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बने स्मार्ट मीटर के खेल की पोल खुल गई है। हरिभूमि पेपर की टीम ने तो इस मुद्दे को कई बार उठाया था। उपभोक्ताओं ने शिकायत भी की थी।जिसे अधिकारी शुरू से ही नकारते रहे।लेकिन अब तो मप्र विद्युत वितरण मध्य क्षेत्र की जांच में हकीकत सामने आ गई है। भले ही एक मामला पकड़ में आया हो, लेकिन ऐसे न जाने कितने बिजली उपभोक्ता परेशान होंगे।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मंगलवार को सूर्य देव की उपासना का महापर्व छठ पूजन का पूजन आरती, दीपदान के बाद समापन हुआ। समाजसेवी पं. रमेश तिवारी दीनबंधु तिवारी, वीरलाल यादव रामप्रताप यादव रनधाता सिंह ने बताया कि यूपी, बिहार पूर्वोत्तर राज्यों की भोजपुरी समाज इस चार दिवसीय छठ पूजा का समापन उगते सूर्य की आराधना के श्रद्धा आस्था के साथ हुआ। चार दिवसीय छठ



पूजा का उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। व्रती महिलाओं ने अलसुबह सूर्यदेवता की पहली किरण के साथ ही अर्घ्य दिया और अपना 36 घंटे का व्रत पूरा किया। मिश्र तालाब घाट पर सुबह से ही व्रतियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। स्वच्छता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जताने का यह पर्व सादगी का संदेश भी देता है।

### मिश्र तालाब पर ऊगते सूर्य को दिया अर्घ्य

*शहर के वार्ड 9 स्थित मिश्र तालाब घाट पर अलसुबह 4 बजे से ही व्रतधारी सुहागिन महिलाओं का परिवार सहितआना शुरू हो गया। सुबह हल्की ठंडक होने के बावजूद महिलाएं पानी में कई घंटों तक खड़ी रहीं। लेकिन आस्था की गरमाहट इस हल्की ठंड पर भारी पड़ गई। लगभग साढ़े तीन घण्टे के इंतजार के बाद छठ व्रती ने भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया। सूर्योदय के साथ व्रतियों के चेहरे पर छाई लालिमा मंगलवार की जब सुबह सूर्योदय हुआ तो पानी में खड़े श्रद्धालुओं के चेहरों पर भी लालिमा बिखर गई। सूर्य को अर्घ्य दिया गया, फिर कलश और वेदी का विसर्जन कर व्रत पूरा हुआ।*

# वाद-विवाद भाषण व प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद में जिला स्तरीय वाद-विवाद भाषण एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विशेष अतिथि के रूप में कॉलेज की जनभागिदारी के अध्यक्ष मनोज कुशवाह ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को अपने-अपने कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उत्साही प्रतियोगी ही आगे अपने लक्ष्य तक पहुंच पाते हैं।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपक मीणा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्रों से अपील की कि वे विकसित भारत 2047 का लक्ष्य पाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। कार्यक्रम में युवा उत्सव समिति के संयोजक जीएस कुर्वेती ने अतिथियों का स्वागत करते हुए। विभिन्न प्रतियोगितायो की जानकारी विस्तार से दी। जिला स्तरीय प्रतियोगितायो में वाद-विवाद भाषण और प्रश्न मंच प्रतियोगितायो में शासकीय कॉलेज औबेदुल्लागंज, शासकीय कॉलेज सिलवानी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय कन्या महविद्यालय रायसेन के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम स्थान हर्षित सैनी शासकीय महाविद्यालय सिलवानी, द्वितीय स्थान शीतल गुर्जर पीएम एक्सीलेंस रायसेन एवं तृतीय स्थान प्रियंका साहू शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज ने हासिल किया।


इसके साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता के विपक्ष में प्रथम स्थान निशांत कुशवाह प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस रायसेन, द्वितीय स्थान पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा शासकीय महाविधालय गैरतगंज एवं तृतीय स्थान विनिता गौर शासकीय कन्या महाविद्यालय रायसेन ने प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हर्षित सैनी शासकीय कॉलेज सिलवानी, द्वितीय स्थान शगुन जोहरी शासकीय गर्ल्स कॉलेज रायसेन व तृतीय स्थान-प्रियंका साहू कॉलेज गैरतगंज ने प्राप्त किया।

# श्रीमद्भागवत कथा कराने वालों की सात पीढ़ियां तर जाती हैंः पं. शुक्ल

◆ कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल रामलीला मैदान पहुंच रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के रामलीला मैदान में सोमवार 27 अक्टूबर से प्रारंभ हुई सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस मंगलवार को कथा व्यास बृज रसिक पंडित उमाशंकर शुक्ल राधाकुंड मथुरा वालो ने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा कराने वालों



की सात पीढ़ियां तर जाती है।

क्योंकि श्रीमद्भागवत स्वयं कल्प वृक्ष है। उन्होंने बताया कि कथा श्रवण करने से हमें आंनद, अनुभव, प्रेम, संस्कार, ज्ञान, भक्ति और आश्रय मिलता है। भक्ति हमें दुःख से सुख की और ले जाती हैं। भगवान को हमारी धन, सम्पत्ति प्यारी नहीं है,उन्हें तो भक्ति में निकलें हुए हमारे आंसू प्यारे लगते हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रवण कराई जा रही हैं। श्रीमद्भागवत कथा में कल 30 अक्टूबर गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 31 अक्टूबर को गिरिराज पूजा, छप्पन भोग लगाकर की जाएगी।

1 नवंबर को रुक्मणी श्री कृष्ण विवाह, 2 नवंबर को सुदामा चरित्र की कथा और 3 नवंबर को हवन, भंडारा प्रसादी के साथ कथा का विश्राम होगा। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

आयोजक सुनीता सीताराम राय और आकांक्षा रोहित राय, यश राय ने धर्मप्रेमियों से कथा में पधारकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

## वीरता और पराक्रम की अनोखी गाथा सुन कर श्रद्धा में डूबे समाज जन

# भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की हर्षोल्लास से मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

महिष्मति साम्राज्य के महान सम्राट भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जन्म जयंती मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाई गई। शहर के शगुन गार्डन में हैहय क्षत्रिय कलचुरी समाज द्वारा भव्य आयोजन हुआ, जहां भगवान की पूजा-अर्चना, सामूहिक आरती और सम्मान समारोह के साथ उनकी वीरता और पराक्रम की गाथा का स्मरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु की आरती से हुई। समाज के वरिष्ठों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके साथ ही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन



किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी।

कार्यक्रम के अंत में समाजबंधुओं के लिए स्नेह भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के तहसील अध्यक्ष ब्रजेश राय, जितेंद्र राय, तुलसीराम राय, धनराज राय सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थिति रहे।

### सहस्त्रबाहु केएक प्रहार से अचेत हो गया रावण

भगवान सहस्त्रबाहु की वीरगाथा सुनते हुए वक्ताओं ने बताया कि जिस लंकापति रावण ने काल को भी वश में कर लिया था, उस रावण को सहस्त्रबाहु अर्जुन ने पराजित कर बंदी बना लिया था। एक बार नर्मदा तट पर सहस्त्रबाहु अपनी पत्नियों के साथ जलक्रीड़ा कर रहे थे। उनकी पत्नी के आग्रह पर उन्होंने अपने सहस्त्र हाथों से नर्मदा का बहाव रोक लिया, जिससे पास में तपस्या कर रहे रावण की पूजन सामग्री बह गई। क्रोधित रावण सहस्त्रबाहु से युद्ध करने पहुंचा।

दोनों में युद्ध हुआ पर सहस्त्रबाहु अर्जुन के एक ही प्रहार से रावण अचेत होकर भूमि पर गिर पड़ा। जिसके बाद भगवान सहस्त्रबाहु ने उसे बंदी बना लिया। बाद में रावण के दादा महर्षि पुलस्त्य के आग्रह पर सहस्त्रबाहु ने रावण को मुक्त कर दिया। उसी दिन से दोनों के बीच मित्रता स्थापित हुई।

### लगातार तीसरे दिन बिगड़ा मौसम, ठंडी हवा से बढ़ी ठिठुरन

**दीवानगंज।** क्षेत्र में लगातार तीसरे दिन मौसम खराब बना हुआ है। मंगलवार को पूरे दिन सूरज नहीं निकला, दिनभर आसमान पर बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं। ठंडक बनी रहने से लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन तक बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं, बूंदाबांदी की संभावना है। किसानों ने कहा कि अगर ऐसा ही मौसम जारी रहा तो फसलों पर असर पड़ सकता है। जिले में बेमौसम बारिश से बढ़ी सर्दी, कई जिलों में झमाझम से तापमान में गिरावट आई जिससे क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। एक साथ बने दो मजबूत सिस्टम के असर से अगले तीन दिनों तक कई जिलों में बेमौसम बारिश हो सकती है।

## कलेक्टर ने मंडी में किसानों से भावांतर योजना के संबंध में की चर्चा

### कृषि उपज मंडी में स्थित केंटीन का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की देखी गुणवत्ता

# कलेक्टर व एसपी ने सड़क हादसे रोकने ट्रालियों में लगाई रेडियम पट्टी, किसानों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में ट्रेक्टर-ट्राली से टकराने पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा अधिकारियों को ट्राली के पीछे रेडियम स्ट्रिप लगवाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। मंगलवार को कलेक्टर तथा एसपी पंकज पाण्डे में कृषि उपज मंडी पहुंचे तथा यहां उपज बेचने आए किसानों की ट्रालियों के पीछे रेडियम स्ट्रिप लगाई।

उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रायः रात्रि के समय ट्राली से टकराने संबंधी दुर्घटनाएं अधिकता में होती हैं। इन्हें ट्राली के पीछे रेडियम स्ट्रिप लगाकर रोका जा सकता है। सभी किसान साथी ट्रालियों के पीछे रेडियम अनिवार्य रूप से लगाएं। साथ ही वाहनों को तेज गति से नहीं चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश भी दी गई।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा कृषि उपज मंडी में स्थित कैंटीन का भी निरीक्षण किया



और खाद्य पदार्थो का गुणवत्ता देखी। उन्होंने कहा कि मंडी में दूर-दराज से कृषि उपज बेचने आए किसान नाश्ता-भोजन करते हैं। यहां गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही स्वच्छता भी बनाए रखें।

कलेक्टर ने सोयाबीन उपज बेचने आए किसानों से संवाद किया तथा सोयाबीन के रेट के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कृषि उपज मंडी के सचिव को निर्देश दिए कि मंडी में व्यवस्थाएं सुचारू हों तथा किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, छायादार बैठक व्यवस्था सहित सभी जरूरी इंतजाम हों। इस अवसर पर तहसीलदार, यातायात प्रभारी तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कृषि उपज मंडी में किसानों के वाहनों पर लगाई रेडियम

*सिलवानी। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सिलवानी प्रशासन ने एक सराहनीय अभियान की शुरुआत की है।*



*मंगलवार को एसडीएम हर्षल चौधरी तथा एसडीओपी अनिल मौर्य मार्गदर्शन में स्थानीय प्रशासनिक दल, पुलिस विभाग तथा कृउम कर्मचारियों द्वारा कृषि उपज मंडी सिलवानी में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टियां लगाने का विशेष अभियान संचालित किया।*

*प्रशासनिक टीम ने ट्रैक्टर चालकों और किसानों को समझाया कि रात्रि में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की दृश्यता कम होने से अक्सर दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं। ऐसे में रेडियम पट्टियों का उपयोग एक अत्यंत प्रभावी उपाय है, जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालक अंधेरे में भी ट्रॉली को दूर से देख सकें और समय रहते सावधानी बरत सकें।*

# आसमान में बादल छाए रहने से धान पर संकट, चिंता में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

दो दिन की बारिश ने धान कटाई के कार्य को भारी प्रभावित किया है। बारिश के बाद भी आसमान में बादलों का डेरा बना रहने के साथ मंगलवार को दिनभर धुंध और कोहरा छाए रहने से अजीब सा मौसम बना रहा। जिस प्रकार लगातार खराब मौसम बना हुआ है, उससे धान की खेती करने वाले किसान आसमानी आफत से भयभीत बने नजर आ रहे हैं ।

दो दिन की बारिश से भीगी धान की फसलों को सूखने के लिए तेज धूप और साफ मौसम की आवश्यकता है। इसके विपरीत स्थिति बनी हुई है। आसमान में लगातार घने बादलों का डेरा बना रहने के साथ मंगलवार को धूप भी नहीं निकली जिससे धान की नमी युक्त फसले और खेतों की मिट्टी सुख पाए। धान की फसले अत्यधिक नमी युक्त होने से धान की कटाई का कार्य प्रभावित और रुका हुआ है ।धान की हार्वेस्टरों से कटाई के लिए धान के पौधे और बालियां पूरी तरह सुखी होना जरूरी है अन्यथा नमी युक्त बालियां भूसा के साथ दाने भी चले जाने से उत्पादन का बड़ा नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है ।



### मौसम खराब होने से चिंता में डूबे किसान

पिछले 4 दिनों से क्षेत्र में बारिश बादल, धुंध, कोहरा पड़ने से मौसम अत्यधिक खराब बना हुआ है। धान की कटाई में विलंब हो रहा है जिसका असर आने वाले समय में रवि फसलों की बोबनी में विलंब के रूप में किसानों को नुकसान दायक हो सकता है। इसी को लेकर किसान भारी चिंता ग्रस्त बने हुए हैं।